**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्**
**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली 110001**

संख्या 42-1(1)/कॉम्प/एकाउन्ट्स/2025-26
दिनांकः 09 मई, 2025

सेवा में,
सीएसआईआर की सभी प्रयोगशालाओं/संस्थानों/इकाइयों के निदेशक/प्रमुख

**विषय: सीएसआईआर मुख्यालय और सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/संस्थानों/इकाइयों द्वारा भर्ती परीक्षा से संबंधित वित्तीय लेनदेन हेतु लेखांकन पद्धति से संबंधित।**

महोदया/महोदय,

भर्ती परीक्षाओं में वित्तीय लेनदेन (प्राप्तियां और भुगतान) का लेखांकन लम्बे समय से सीएसआईआर मुख्यालय का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसमें शामिल मुद्दों के समाधान हेतु भर्ती परीक्षा से संबंधित व्यय पर वित्तीय लेनदेन के परियोजनाकरण और कार्यान्वयन के लिए निम्नांकित लेखांकन पद्धति का चयन किया गया है:

1. किसी भी पद पर भर्ती के लिए आवेदन शुल्क की प्राप्ति की मौजूदा प्रणाली अर्थात प्राप्तियों को सी-कोड R06713 (आवेदन शुल्क) में जमा किए जाने के स्थान पर प्रत्येक भर्ती परीक्षा के लिए एएमएस में एक पृथक/विशिष्ट जीडीए परियोजना खोली जा सकती है।
2. किसी विशेष भर्ती परीक्षा के लिए वित्तीय लेन-देन (प्राप्तियां और भुगतान दोनों) क्रमशः प्राप्तियों और भुगतानों के लिए BH R 90807 और P 90807 के तहत संबंधित जीडीए परियोजना, जो विशेष रूप से परीक्षा के लिए खोली गई है, के अंतर्गत किए जा सकते हैं। एक भर्ती परीक्षा से संबंधित प्राप्तियां अथवा भुगतान किसी अन्य भर्ती परीक्षा परियोजना में नहीं किए जा सकते।
3. किसी विशेष भर्ती परीक्षा परियोजना में प्राप्तियों से अधिक व्यय होने की स्थिति में, अतिरिक्त व्यय की पूर्ति निम्नांकित में से की जाएगी:-

   क. प्रयोगशालाओं/संस्थानों/इकाइयों के मामले में सरकारी अनुदान के नियमित बजट शीर्ष, और

   ख. सीएसआईआर मुख्यालय के मामले में BH P80507.

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

भवदीय,

मनीष कुमार शर्मा
उप. वित्त सलाहकार

प्रतिलिपिः

1. सीएसआईआर मुख्यालय और सीएसआईआर की सभी प्रयोगशालाओं/संस्थानों/इकाइयों के वरिष्ठ उप वित्त सलाहकार/वरिष्ठ वित्त एवं लेखा नियंत्रक/उप वित्त सलाहकार/वित्त्त एवं लेखा नियंत्रक और वित्त एवं लेखा अधिकारी
2. सीएसआईआर मुख्यालय और सीएसआईआर की सभी प्रयोगशालाओं/संस्थानों/इकाइयों के वरिष्ठ उप सचिव/ वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक/ उप सचिव/ प्रशासन नियंत्रक/ अवर सचिव/ प्रशासनिक अधिकारी
3. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय
4. संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार, सीएसआईआर का कार्यालय
5. संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर का कार्यालय
6. कार्यालय प्रतिलिपि
7. प्रमुख, आईटी- इसे सीएसआईआर की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाने के अनुरोध सहित